## महत्वपूर्ण एवं खास

### शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ 29 अगस्त से

**रायगढ़।** शिशु संरक्षण माह का आयोजन 29 अगस्त से 29 सितम्बर 2023 तक जिले में समस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में होगा। उक्त अभियान अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को गर्भवती माताओं एवं बच्चों को टीकाकृत कर जिले के 1,07,642 बच्चों को विटामिन ए की दवा तथा 1,13,974 बच्चों को आईएफए सिरप पिलाया जाना है। विटामिन ए का नियमित खुराक प्रत्येक छ: माह में एक बार लेने से बच्चों में रतौंधी, दस्त, श्वांस, संक्रमण,बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है, अत: 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विभिन्न रोगों से बचाव करने वाली विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधूलिका सिंह ठाकुर ने जिले के समस्त हितग्राहियों को शिशु संरक्षण माह के दौरान आयोजित सत्रों में दी जाने वाली सेवाओं का लाभ लेने हेतु आव्हान किया है।

### एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग 1 सितम्बर को

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु कलेक्टोरेट रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में 1 सितम्बर 2023 पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक प्रवेश हेतु काऊंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग खरसिया अंतर्गत सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मृत्यु होने पर एसडीएम खरसिया द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 25-25 हजार रुपये की वित्तीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इनमें ग्राम-जैमुरा के पूनमदास महंत की 6 मार्च 2023 को तथा ग्राम-सिंघनपुर के कृष्णा निषाद की 10 अगस्त 2023 को सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके वारिसानों को वित्तीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 11 सितम्बर तक मंगाये आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना, लैलूंगा अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए 11 सितम्बर 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। इच्छुक आवेदिका निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन 11 सितम्बर तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से बाल विकास परियोजना कार्यालय लैलूंगा में जमा कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते है।

### कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी को शिल्पकार धनीराम ने स्वयं की बनाई बेलमेटल शिल्प भेंट की



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जनदर्शन में ग्राम बैगीनडीह निवासी बेलमेटल शिल्पकार धनीराम झरेका एवं उनकी पत्नी गीता झरेका ने मिलकर ढोकरा आर्ट से स्वयं की बनाई बेलमेटल शिल्प भेंट की। डॉ. सिद्दीकी ने शिल्पकार से उनके कला के निर्माण, बिक्री आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी उपस्थित थीं।

# सीमावर्ती इलाकों में निगरानी और कानून व्यवस्था को लेकर समन्वय के साथ काम करें विभाग- कलेक्टर सिन्हा

- निर्वाचन की तैयारियों को लेकर हुई संयुक्त बैठक, आगे की कार्यवाहियों के लिए बनी रणनीति, हर हफ्ते होगी समीक्षा
- कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार तथा सारंगढ़ एसपी आशुतोष सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए दिशा-निर्देश
- आरटीओ, आबकारी, माईनिंग, पुलिस व जीएसटी विभाग के अधिकारी हुए शामिल



**रायगढ़।** आगामी निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर कानून व्यवस्था तथा सीमावर्ती इलाकों में निगरानी तंत्र को मजबूत रखने तथा अवैध रूप से शराब, धन व अन्य सामग्रियों के परिवहन पर कार्यवाही के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट में एक संयुक्त बैठक आयोजित हुयी। जिसमें रायगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार तथा सारंगढ़ के पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंह भी शामिल हुए।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आबकारी विभाग को जिले में अपने निगरानी व सूचना तंत्र को मजबूत रखने तथा शराब के अवैध परिवहन पर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमा पर बने चेक पोस्ट व बैरियर में लगे सभी विभाग के कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ निगरानी व जांच के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कानून व्यवस्था तथा अवैध परिवहन पर कार्यवाही के लिए पुलिस के साथ परिवहन, आबकारी, माईनिंग एवं जीएसटी की टीम आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने सभी विभाग को विशेष रूप से निर्देशित करते हुए कहा कि फील्ड पर प्रभावी रूप से कार्यवाही करने के लिए विभागों के बीच सूचनाओं का आपसी आदान-प्रदान नियमित रूप से होना चाहिए। कलेक्टर सिन्हा ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों को भी उनके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप पूरे जिले में जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। गोडाउन तथा स्टॉक की जांच, ई-वे बिल आदि की नियमित रूप से जांच करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हर हफ्ते सभी विभागों द्वारा की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कहा कि रायगढ़ जिला पड़ोसी ओडिसा राज्य से बड़ी सीमा साझा करता है। जिसमें अलग-अलग एन्ट्री प्वाईंट चिन्हित किए गए है, जहां पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है। इन इलाकों से अवैध रूप से शराब के साथ अन्य सामग्री व धन के परिवहन की संभावना होती है, जिस पर कार्यवाही किया जाना जरूरी है। उन्होंने सभी विभागों को अपना सूचना तंत्र विकसित करने तथा समकक्ष अधिकारियों के मध्य बेहतर तालमेल के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रेंगालपाली, हमीरपुर जैसे प्वाईंट से लगातार आवाजाही होती रहती है, जिसको लेकर यहां जांच के लिए विशेष व्यवस्था विभागों द्वारा की जाए। उन्होंने कहा कि जहां पुलिस के सहयोग की आवश्यकता है वहां विभाग तत्काल सहायता ले, जिससे किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन पर कड़ी कार्यवाही की जा सके।

पुलिस अधीक्षक सारंगढ़ आशुतोष सिंह ने इस मौके पर कहा कि महुआ शराब के प्रकरणों पर रूप से कार्यवाही करने तथा आबकारी विभाग को ऐहतियातन पकड़ी गयी ऐसे शराब का केमिकल टेस्ट करवाने के लिए कहा। साथ ही ऐसे प्रकरणों में पकड़े गए लोगों का पुलिस से रिकॉर्ड लेकर आगे की कार्यवाही करने के निर्देश दिए जिससे इन मामलों में कड़ी कार्यवाही का आधार तैयार हो सके। उन्होंने सीमावर्ती इलाकों के निगरानी करने तथा बाहर से आने वाली गाडिय़ों तथा गोडाउन आदि की विशेष रूप से जांच करने के निर्देश दिए।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु हेमनानी, जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त, सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीएम गगन शर्मा, सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा, जिला खनिज अधिकारी योगेन्द्र सिंह, राजेश डेनियल सहित पुलिस, जीएसटी, आबकारी व खनिज विभाग के अन्य अधिकारी शामिल हुए।

### लैलूंगा पुलिस का कबाड़ी पर ताबड़तोड़ कार्यवाई

## चोरी के संदेह पर आरोपी के कब्जे से एक ट्रक सहित लगभग 10 टन लोहे का सामान किया गया जब्त



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सदानंद कुमार के निर्देशन पर रायगढ़ जिला में लगातार अवैधानिक कार्य शराब, जुआ, सट्टा, कबाड़ी पर कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में आज दिनांक 27.8.2023 को बीती रात्रि मुखबीर से सूचना मिली की लोहे की कबाड़ से भरा एक छह चक्का ट्रक जो पत्थलगांव से लैलूंगा होते हुए पूंजीपथरा की ओर जा रहा है सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय रायगढ़ व एसडीओपी महोदय धर्मजयगढ़ के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज द्वारा टीम बनाकर लैलूंगा से घढ़घोड़ा जाने वाली मेन रोड कोतबा चौक लैलूंगा के पास घेराबंदी कर ट्रक क्रमांक CG14D 0820 को रोक कर चेक करने पर अवैध कबाड़ का सामान लोड मिला ड्राइवर का नाम पूछने पर अपना नाम दिलीप कुमार भारद्वाज पिता जगतु राम भारद्वाज उम्र 35 वर्ष निवासी भूडूपारा पत्थलगांव जिला जशपुर का होना बताया जिन्हें उक्त ट्रक में लोड लोहे की टुकड़ा सरिया एंगल टीना कबाड़ समान के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने कहा गया जो वैध दस्तावेज का नहीं होना बताया जिनके कब्जे से एक छह छक्का ट्रक जिसमे लगभग 10 टन भरी हुई कबाड़ कीमत लगभग रु. 200000 को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक रामरतन भगत आर राजू तिग्गा, प्रमोद भगत की अहम भूमिका रही है।

## आरसेटी रायगढ़ में पूर्णत निशुल्क रोजगार प्रशिक्षण सितंबर से अक्टूबर तक

- प्रशिक्षण के लिए वाट्सअप नंबर 8656919787, 7974942078 में भी होगा पंजीयन
- रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के सिर्फ ग्रामीण भाग ले सकते हैं प्रशिक्षण में




**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** राज्य शासन द्वारा बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं के लिए स्वरोजगार स्थापना के उद्देश्य से आरसेटी रायगढ़ के द्वारा पूर्णत: निशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे वह प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार कर सकें। साथ ही साथ गांव के 18 से 35 वर्ष के महिला पुरुष बेरोजगार युवा भी इस प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं।

भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) रायगढ़ में जिला रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ के गांवों के लोगों को सितंबर से अक्टूबर 2023 तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रशिक्षण, रहना, खाना, ड्रेस, कॉपी किताब सभी पूर्णत:निशुल्क है। 35 प्रतिभागी सभी कोर्स में शामिल हो सकते हैं। कोर्स शुरुआत होने के एक दिन पूर्व तक रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, उम्र निर्धारण प्रमाण पत्र, किसी स्व सहायता समूह से यदि जुड़े हैं तो समूह की बैठक पंजी का मुख्य पेज, अंकसूची आदि की छायाप्रति और पांच रंगीन पासपोर्ट फोटो जमा करना होगा।

इसमें कोर्स. अचार पापड़ एवं मसाला पाउडर निर्माण 4 सितंबर से 10 सितंबर, मोबाइल (सेलफोन) सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग 5 सितंबर से 4 अक्टूबर, पेपर कवर, लिफाफा एवं फाइल निर्माण 14 सितंबर से 23 सितंबर, आर्टिफिशियल ज्वेलरी निर्माण 25 सितंबर से 7 अक्टूबर, पेपर कवर, लिफाफा एवं फाइल निर्माण 9 अक्टूबर से 18 अक्टूबर और जिला रायगढ़ और सारंगढ़ बिलाईगढ़ के रीपा गौठानो में मधुमक्खी पालन 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2023 तक का प्रशिक्षण निर्धारित है। प्रशिक्षण में दोनों जिले के सिर्फ गांवों के 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार, बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवा, इच्छुक महिला, पुरुष, समूह, भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण लेने के लिए पता ''भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान परिसर टीवी टॉवर रोड़ क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र के पीछे छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ छ.ग.

496001पर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से या व्हाट्सप्प नम्बर 8656919787, 7974942078 में व्हाट्सप्प करके पंजीयन करा सकते हैं। सारंगढ़, बरमकेला, सरिया, भटगांव, बिलाईगढ़ ''नगरपालिका, नगर पंचायत'' आदि के शहरी निवासियों को इस प्रशिक्षण में शामिल नही किए जाएंगे।

**एक माह का मोबाइल सेलफोन सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग कोर्स-**बाजार के प्रचलन के मद्देनजर मोबाइल सेलफोन सर्विसिंग एवं रिपेयरिंग का कोर्स युवाओं के लिए आकर्षण का कोर्स है। प्रशिक्षण के बाद गांव गांव तक इसमें रोजगार की संभावना है।

## 20 साल से कायाकल्प का बांट जोह रहे तालाबों को मिला नया स्वरूप

- जल संरक्षण की दिशा में मिसाल बने बनसिया के सरपंच मनोहर पटेल
- गांव के तालाब हुए पानी से लबालब
- बनसिया के 2 तालाबों का हुआ जीर्णोद्धार



**रायगढ़।** ग्राम पंचायत बनसिया के दो तालाब पिछले 20 सालों से अपने कायाकल्प का बांट जोह रहा था। तालाबों में जमी गाद और कचरे से पूरा तालाब पट जाने से दोनों तालाब अपना अस्तित्व खो चुके थे। लेकिन कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल एवं वहां के सरपंच मनोहर पटेल की मेहनत रंग लायी और वह तालाब अपने मूर्तरूप में पानी से भरा लबालब नजर आ रहा है। तालाब में भरे पानी से ग्रामीणों के चेहरे पर भी खुशी दिख रही है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जल संरक्षण की दिशा में बारिश के पानी को सहेजने के लिए जिले के अलग-अलग तालाबों के साफ -सफाई और गहरीकरण का कार्य किया गया है। जिससे बारिश के पानी को सहेजने हेतु जिले का तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है। गर्मियों में खुदवाए गए ये तालाब अब बारिश में लबालब हो रहे हैं। जब गर्मी की चपेट में आकर जल स्त्रोतों के सूखने की घटनाएं सामने आती रहती हैं। ऐसे समय में रायगढ़ जिले में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में जल संरक्षण और संवर्धन की दिशा में यह एक बेहद महत्वपूर्ण पहल है। इसके अंतर्गत गांवों में ऐसे तालाब जिनके अस्तित्व सिमटते जा रहे थे उन्हें सहेजने का कार्य किया गया और जिले के विभिन्न उद्योगों को सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत अलग-अलग तालाबों को संवारने का जिम्मा दिया गया।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-बनसिया में दो तालाब ऐसे थे। जिसमें पूरी तरह से गंदगी एवं गाद जमा हुआ था। इस ग्राम पंचायत में निवासरत लगभग 2000 आबादी वाले ग्रामीणों के चेहरे पर हर साल गर्मी के दिनों में निस्तारी हेतु चिंता की लकीरें दिखती थी। जिन्हें कलेक्टर सिन्हा के प्रयास से सीएसआर एवं मनरेगा के तहत अमृत सरोवर के अंतर्गत तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया। जिससे बनसिया का दोनों तालाब आज पानी से लबालब भरा हुआ है।

**सरपंच की मेहनत भी लायी रंग, गांव के तालाब हुए पानी से लबालब-** बनसिया के सरपंच मनोहर पटेल की भी कड़ी मेहनत भी रंग लायी। जिन्होंने बीते गर्मी माह के दिन हो रहे तालाबों की खुदाई के दौरान स्वयं खड़े होकर खुदाई कार्य में सहयोग एवं निगरानी किए। जिसका आज पूरा फायदा वहां के ग्रामवासियों को मिल रहा है। बीते दिनों दिल्ली से आयी जल शक्ति अभियान की नोडल अधिकारी रजीता रश्मि ने इन तालाबों को देखा और जिले में जल संरक्षण की दिशा में हुए कार्य के लिए सराहना की।

**भू-जल बढऩे के साथ रोजगार के मौके भी बनेंगे-** जिले के तालाबों के जीर्णोद्धार से अधिक से अधिक वर्षा के जल को संचय किया जा रहा है। जिससे आस-पास के लगभग 20 से 25 एकड़ में भू-जल स्तर बढ़ेगा। सिंचाई की सुविधा बेहतर होगी एवं मछली पालन जैसे आजीविका के काम भी किए जा सकेंगे। सब्जी उत्पादन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

## रायगढ़ स्टेडियम में 2 करोड़ से अधिक की लागत से सुविधाओं का हुआ विस्तार, 29 अगस्त को होगा लोकार्पण

- खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल होंगे मुख्य अतिथि
- राष्ट्रीय खेल दिवस पर रायगढ़ स्टेडियम में दोपहर 3 बजे से होगा हॉकी मैच



**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के बोईरदादर स्टेडियम में 2 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से सुविधाओं का विस्तार किया गया है। जिसका लोकार्पण 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याणमंत्री उमेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में शाम 6 बजे से होगा। रायगढ़ स्टेडियम में आधुनिक उपकरणों से जिम तैयार किया गया है। इसके साथ ही यहां बैडमिंटन का वुडन कोर्ट, एक नया बास्केट बाल कोर्ट के अलावा ताईक्वांडो हाल, स्वीमिंग पुल, टेबिल टेनिस व स्टेडियम पवेलियन को भी अपग्रेड किया गया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग द्वारा सौजन्य हॉकी मैच का भी आयोजन दोपहर 3 बजे से यहां किया जाएगा।

## सारंगढ़ को पीएससी और व्यापमं का परीक्षा केन्द्र बनाने और जिला रोजगार पंजीयन केन्द्र संचालित करने की मांग



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नागरिकों से मुलाकात कर उनकी मांग, शिकायत और समस्या सुनीं और निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित की। जनदर्शन में वन अधिकार, तालाब का पट्टा, मछली पालन, अन्त्योदय व प्राथमिकता राशन कार्ड, तालाब का मछली पालन पट्टा, मिनीमाता महतारी जतन योजना का लाभ दिलाने, छत्तीसगढ़ पीएससी और व्यापमं की परीक्षाओं के लिए सारंगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाने, जिला मुख्यालय सारंगढ़ में रोजगार पंजीयन कार्यालय संचालित करने, दूसरे के खाता में गई राशि वापस दिलाने, बैंक खाता के होल्ड हटाने, सहकारी बैंक के खाता से अज्ञात व्यक्ति द्वारा पैसे निकालने की शिकायत, राजस्व रिकार्ड दुरूस्ती, बंदी राहत राशि का मुआवजा, विधवा पेंशन, भू-अर्जन आदि के लिए आवेदन प्राप्त हुए।

## कलेक्टर के निर्देश पर श्रवण बाधित एवं मुकबधिर बालिकाओं का मौके पर बना राशन कार्ड

- आगे की पढ़ाई एवं स्वरोजगार हेतु विभागीय योजनाओं का लाभ प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश
- कलेक्टर सिन्हा ने सुनी जनसामान्य की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश
- आयोजित जनचौपाल में विभिन्न मांगों एवं शिकायतों के 100 आवेदन हुए प्राप्त



**रायगढ़।** रायगढ़ के ग्राम कुसमुरा निवासी राम बाई एवं पति दिलचंद अपनी बेटियां दिपिका, प्रेमलता एवं गंगाबाई के साथ जन चौपाल में राशन कार्ड एवं दिव्यांग पेंशन की मांग हेतु आवेदन लेकर पहुंचे थे। उनके पिता दिलचंद ने बताया कि उनकी तीनों बेटियां व पत्नी शत-प्रतिशत श्रवण एवं मुकबधिर हैं। उन्होंने राशन कार्ड एवं दिव्यांग पेंशन प्रदान करने के लिए निवेदन किया।

कलेक्टर सिन्हा ने उनके पिता से बेटियों की शिक्षा की जानकारी ली। कलेक्टर सिन्हा ने बेटियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने पर उनके पिता की सराहना की और मौके पर ही उन्होंने राशन कार्ड प्रदान किया एवं पेंशन प्रकरण की अतिशीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने उनकी दो बेटियों की आगे की शिक्षा हेतु समाज कल्याण, शिक्षा विभाग तथा स्व-रोजगार के लिए सिलाई मशीन प्रदान करने श्रम विभाग को निर्देशित किया। इसी तरह विकासखण्ड तमनार के ग्राम-धौराभांठा निवासी गोकुलचंद खम्हारी राशन कार्ड के संबंध में आवेदन लेकर पहुंचे थे। जिन्हें मौके पर ही राशन कार्ड प्रदाय किया गया।

इसी प्रकार तहसील खरसिया के ग्राम बानीपाथर निवासी राम कुमार रौतिया आज ट्रायसाइकल की मांग को लेकर जनचौपाल में आए थे। उन्होंने बताया कि अस्थि बाधित होने से उन्हें आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, उन्होंने ट्राइसाइकल प्रदान करने का निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने समाज कल्याण विभाग को उक्त आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। विकासखंड तमनार के ग्राम केशरचुवां के ग्रामवासियों ने स्कूल भवन, बाउण्ड्री वाल एवं शौचालय के निर्माण की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत केशरचुवां के आश्रित ग्राम कर्रापाली का स्कूल भवन जर्जर चुका हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। स्कूल में शौचालय भी उपयोग लायक नही तथा बाउड्रीवाल नहीं होने से स्कूल परिसर में रोपित पौधे मवेशी से सुरक्षित नही है। ग्राम वासियों ने ग्राम नए भवन, शौचालय एवं बाउड्रीवाल निर्माण के लिए निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने आवेदन के निराकरण के लिए सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया।

आयोजित जनचौपाल में ग्राम पंचायत पंडरीपानी से लगे हुए क्षेत्र के लोगों ने पेयजल समस्या के निराकरण की मांग हेतु आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि बोर खोदने के पश्चात भी पानी नही होने से उन्हे दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन का कार्य किया जा रहा है, लेकिन उनके क्षेत्र में नल कनेक्शन नही पहुंचने से उनके परिवारों को पेयजल के लिए दिक्कतों का सामना कर पड़ रहा है। कलेक्टर सिन्हा ने पीएचई को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी आवेदन को जिला स्तरीय अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर आयुक्त निगम सुनील चंद्रवशी, संयुक्त कलेक्टर डी.आर.रात्रे, डिप्टी कलेक्टर एस.के.कंवर एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480